**प्रेस विज्ञप्ति**

**03.11.2022**

# 30 सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही/अर्धवार्षिकी के वित्तीय परिणाम

*बैंक का वैश्विक कारोबार रुपए **10.27** लाख करोड़ हुआ*

*परिचालन लाभ में वर्ष-दर-वर्ष **11%** की वृद्धि हुई*

*निवल लाभ में वर्ष-दर-वर्ष **12%** की वृद्धि हुई*

## मुख्य बातें (सितंबर 2021 के सापेक्ष सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही)

- सितंबर 2021 में रु. 1089 करोड़ के निवल लाभ के सापेक्ष सितंबर 2022 में यह वर्ष-दर-वर्ष 12% बढ़कर रु. 1225 करोड़ रहा।
- सितंबर 2021 में रु. 3276 करोड़ के परिचालन लाभ के सापेक्ष सितंबर 2022 में यह वर्ष-दर-वर्ष 11% बढ़कर रु. 3629 करोड़ रहा।
- बैंक की निवल ब्याज आय सितंबर 2021 के रु. 4084 करोड़ के सापेक्ष सितंबर 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 15% बढ़कर रु. 4684 करोड़ हो गई।
- फीस आधारित आय सितंबर 2022 में 18% बढ़कर रु. 723 करोड़ हो गई।
- आय-लागत अनुपात सितंबर 2021 में 45.85% के सापेक्ष सितंबर 2022 में 44.27% रहा।
- सितंबर 2021 में 2.89% के सापेक्ष घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सितंबर 2022 में 3.20% रहा।
- सितंबर 2021 में 0.69% के सापेक्ष आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) सितंबर 2022 में बढ़कर 0.71% हो गया।
- सितंबर 2021 में 13.31% के सापेक्ष इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) सितंबर 2022 में 52 बीपीएस बढ़कर 13.83% हो गया।
- सितंबर 2021 के रु. 385730 करोड़ के सापेक्ष अग्रिम सितंबर 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 14% बढ़कर रु. 437941 करोड़ रहे।
- सितंबर 2021 में रु. 226501 करोड़ के सापेक्ष सितंबर 2022 में रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) 13% बढ़कर रु. 255256 करोड़ हो गया।
- खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई अग्रिमों में क्रमशः 14%, 15% व 9% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। घरेलू अग्रिमों में खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM) क्षेत्र का योगदान 62% रहा। **आवास ऋण (बंधक सहित)** में **11%,** ऑटो ऋण में **28%,** वैयक्तिक ऋण में **26%** और गोल्ड ऋण में **19%** वृद्धि हुई।
- सितंबर 2022 में जमाएं वर्ष-दर-वर्ष 7% बढ़कर रु. 588860 करोड़ हो गई।

- कासा में 7% वृद्धि हुई है जिसमें से चालू जमा खाता में वर्ष-दर-वर्ष **9%** वृद्धि एवं बचत जमा खाता में वर्ष-दर-वर्ष **7%** वृद्धि हुई है। **कासा अनुपात** 41% रहा।
- सकल गैर निष्पादक आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष 226 बीपीएस की कमी आने से यह 9.56% से 7.30% हुआ, निवल गैर निष्पादक आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष 176 बीपीएस की कमी आने से यह सितंबर 2021 के 3.26% के सापेक्ष 1.50% रहा।
- सितंबर 2021 में 83.32% के सापेक्ष प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में वर्ष-दर-वर्ष 776 बीपीएस वृद्धि होने से यह 91.08% रहा।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 16.15% रहा। सीईटी में वर्ष-दर-वर्ष 58 बीपीएस की वृद्धि से यह 12.26% रहा। टियर I पूंजी में वर्ष-दर-वर्ष 55 बीपीएस की वृद्धि से यह 12.89% रही।

## मुख्य बातें (जून 2022 के सापेक्ष सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही)

- जून 2022 में रु. 1213 करोड़ के सापेक्ष निवल लाभ सितंबर 2022 में रु. **1225** करोड़ रहा।
- जून 2022 में रु. 3564 करोड़ के सापेक्ष सितंबर 2022 में परिचालन लाभ रु. 3629 करोड़ रहा।
- जून 2022 के रु. 4534 करोड़ के सापेक्ष सितंबर 2022 में बैंक की निवल ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष 3% बढ़कर रु. 4684 करोड़ हो गई।
- जून2022 के रु .**1604** करोड़ के सापेक्ष सितंबर में 2022 गैर ब्याज आय **14** .बढ़कर रु **%1828** करोड़ रही।
- क्रमिक तिमाही तिमाही आधार पर-दर-जून 2022 में **0.73** के सापेक्ष %सितंबरमें 2022 ) आस्तियों पर प्रतिलाभ**RoA) 2** बीपीएस तक कम होकर0 .**71** रहा। %
- गत तिमाही में 14.18% के सापेक्ष सितंबर 2022 में इक्विटी पर प्रतिलाभ **(RoE)** 13.83% रहा।
- गत तिमाही में 41.94% के सापेक्ष सितंबर 2022 में आय-लागत अनुपात 44.27% रहा।
- जून 2022 में 3.10% के सापेक्ष घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सितंबर 2022 में तिमाही-दर-तिमाही 10 बीपीएस बढ़कर 3.20% रहा।

## मुख्य बातें (सितंबर 2021 के सापेक्ष सितंबर 2022 को समाप्त अर्धवार्षिकी)

- वित्त वर्ष 2022 की प्रथम अर्धवार्षिकी में रु. 2271 करोड़ के सापेक्ष निवल लाभ वित्त वर्ष 2023 की प्रथम अर्धवार्षिकी में वर्ष-दर-वर्ष 7% तक बढ़कर रु. **2439** करोड़ रहा।
- परिचालन लाभ 8% बढ़कर रु. 6691 करोड़ से रु. 7194 करोड़ हो गया।
- निवल ब्याज आय 14% बढ़कर रु. 8078 करोड़ से रु. 9218 करोड़ हो गई।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ )**RoA)** अपरिवर्तित **0.72** रहा। %

- इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) वित्त वर्ष 2022की प्रथम अर्धवार्षिकी में **14.30%** के सापेक्ष 14% रहा।
- आय लागत अनुपात-वित्त वर्ष 2022की प्रथम अर्धवार्षिकी में **43.60%** के सापेक्ष 43.14% रहा।
- घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)**2.87%** के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष **28** बीपीएस बढ़कर 3.**15**रहा। %

## 30 सितंबर, 2022 को कारोबार निष्पादन की मुख्य बातें

**कारोबार** :

- सितंबर 2021 में रु. 937202 करोड़ के सापेक्ष सितंबर 2022 में कुल कारोबार में वर्ष-दर-वर्ष 10% की वृद्धि दर्ज करते हुए यह रु. 1026801 करोड़ हो गया।
- विगत वर्ष में रु. **385730** करोड़ के सापेक्ष सितंबर **2022** में अग्रिमों में **14%** की वृद्धि होकर यह रु. **437941** करोड़ हो गए। रैम क्षेत्र में **13%** वृद्धि रिकॉर्ड की गई जिसमें से खुदरा व कृषि में क्रमश: **14%** व **15%** की वृद्धि हुई। क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर अग्रिमों में 3% तक की वृद्धि हुई है।
- गत वर्ष में इस समय के दौरान रु. **551472** करोड़ के सापेक्ष सितंबर **2022** में कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष **7%** बढ़कर रु. **588860** करोड़ रही। क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर जमाओं में 1% तक की वृद्धि हुई है।
- सितंबर **2022** में कासा जमाओं में वर्ष-दर-वर्ष **7%** की वृद्धि होने से यह रु. 241078 करोड़ हुआ। कुल जमाओं में कासा की हिस्सेदारी **41%** रही।
- सितंबर 2022 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का पोर्टफोलियो रु. **158187** करोड़ रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **48%** है।

**नेटवर्क :**

- बैंक की 5728 घरेलू शाखाएँ हैं जिनमें से 1940 ग्रामीण शाखाएँ हैं, 1496 अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, 1157 शहरी शाखाएँ हैं एवं 1135 मेट्रो शाखाएँ हैं तथा 3 ओवरसीज़ शाखाएँ हैं।
- बैंक के 4825 एटीएम व बीएनए हैं एवं 10256 बीसी हैं।

## हमारा विशेष ध्यान

डिजिटलीकरण का युग बैंकिंग उद्योग में तकनीकी दृष्टिकोण से प्रतिमानगत बदलाव लाया है और दिन प्रतिदिन विभिन्न वैकल्पिक डिलिवरी चैनल लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बैंक ने शीघ्र, निर्बाध और ग्राहक अनुकूलित सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए पीएपीएल (प्री-अप्रूव्ड पर्सनल लोन), ऑनलाइन केसीसी रिन्यूअल, डिजिटल डिपॉज़िट के सापेक्ष ओवरड्राफ्ट (ओडीएडी), डिजिटल मोड के माध्यम से मुद्रा लोन, अपने प्रमुख प्रोजेक्ट- "वेव" (वर्ल्ड ऑफ एडवांस्ड वर्चुअल एक्सपीरियंस) के तहत इंस्टेंट ज्वेल लोन जैसे कई डिजिटल उत्पादों के शुरुआत की है। बैंक ने इंटरैक्टिव डैशबोर्ड के साथ निष्पादन के आवधिक मूल्यांकन के उद्देश्य से न्यू एज परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) भी विकसित किया है।